हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 जून 2024


तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


11 हजारों साधकों ने एक साथ किया योग





12 जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय पर छापा





फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak

केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।

P.P. Jewellers®
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177

केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर

SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें।
हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY

SUNDAY OPEN


# शिक्षामंत्री के हस्तक्षेप के बाद निर्णय रद करने की तैयारी में एमडीयू, फीस का फोड़ा खुद बनाया नासूर

## विद्यार्थी फीस बढ़ाने के विरोध में उतरे, विश्वविद्यालय पर बढ़ता जा रहा आर्थिक बोझ

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

राज्य की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने गत बुधवार चंडीगढ़ में बकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के फीस बढ़ोतरी के निर्णय को एकदम से गलत ठहरा दिया। इसके बाद अब यूनिवर्सिटी प्रशासन फीस बढ़ोतरी के फैसले को वापस करने की तैयारी में है। ध्यान रहे कि वीरवार को छात्रों और विश्वविद्यालय अधिकारियों की बैठक में फीस के मुदे को लेकर हुई थी। इसमें शामिल अधिकारी नाम न छापने की शर्त पर कह रहे हैं कि जब सरकार फीस नहीं बढ़ाने दे रही है तो हम अपने गले में सांप क्यों डालें। अफसर ने कहा कि जब विश्वविद्यालय के आर्थिक हालात खराब होंगे तो कर्मचारी और छात्र सरकार के द्वार पर ही हंगामा खड़ा करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रदेश के सभी सरकारी विश्वविद्यालय में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की फीस सबसे कम है। बावजूद इसके छात्र फीस नहीं बढ़ाने दे रहे हैं। और सरकार यूनिवर्सिटी बजट लगातार कम कर रही है। ऐसे में विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से किस ओर अग्रसर होगा, ये अंदाजा कोई भी सहज ही लगा सकता है।

- शिक्षामंत्री त्रिखा बोलीं मामला मुख्यमंत्री के नोटिस में, चर्चा के बाद फैसला लिया जाएगा

### अभी तक तैयार नहीं हो सका फीस वृद्धि का फार्मूला



हम आपको यहां एक और तथ्य से रूबरू करवा रहे हैं कि एमडीयू ने हर साल पांच-सात प्रतिशत फीस बढ़ाने का फार्मूला आज तक तैयार नहीं किया। अगर ये फार्मूला लागू होता तो एकदम से फीस में पांच गुना तक की बढ़ोतरी नहीं करनी पड़ती। एक सिस्टम के तहत अपने आप प्रत्येक साल मामूली-मामूली सी फीस बढ़ती रहती। ये बढ़ोतरी छात्रों को भी ज्यादा नहीं लगती। लेकिन अब फीस का फोड़ा नासूर बन गया है। यूनिवर्सिटी अभी भी एक सिस्टम बना सकती है कि हर साल फीस में नियमित बढ़ोतरी होती रही। लेकिन ये फार्मूला लागू करने का जोखिम कोई भी लेने का तैयार नहीं होगा। क्योंकि अब फीस का पानी सिर ऊपर होकर बह रहा है।

### सर्वसम्मति से निर्णय : त्रिखा

वहीं बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा, 'एमडीयू में फीस बढ़ोतरी को मैं पूरी तरह से गलत मानती हूं। अगर फीस बढ़ानी भी है तो उसके लिए काउंसिल होनी चाहिए। उसमें चर्चा होनी चाहिए। सर्वसम्मति से फैसला होने के बाद ही इस पर निर्णय हो। ऐसा नहीं होना चाहिए कि ऐसे ही उठाकर फीस बढ़ा दें। यह मामला मुख्यमंत्री के नोटिस में है और जल्द ही इस पर चर्चा करके फैसला किया जाएगा। फीस बढ़ाने के निर्णय का हम कतई समर्थन नहीं कर रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत छात्रों को भी समझनी चाहिए। दो तीन साल पहले एमडीयू ने फीस में मुश्किल से आठ दस प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। लेकिन छात्रों के दबाव में आकर यूनिवर्सिटी ने इस बढ़ोतरी को कम कर दिया। बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय में काफी पाठ्यक्रमों की एक साल की फीस पांच हजार रुपये से भी कम है। जबकि आज के समय में निजी स्कूलों में प्राइमरी कक्षाओं की फीस कई हजार रुपये प्रति महीने है। सरकार ने फीस का ये कैसा ढांचा तैयार किया है कि प्राइवेट स्कूलों में एजुकेशन मंहगी और उच्च शिक्षण संस्थानों में सस्ती।

### विवि का वार्षिक बजट 500 करोड़

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का वार्षिक बजट करीब 500 करोड़ रुपये है। इसमें सरकार करीब 140-150 करोड़ रुपये यूनिवर्सिटी को देती है। जबकि बाकि पैसा विश्वविद्यालय ने अपने संसाधनों से जुटाना होता है। संसाधन एकमात्र फीस ही है। नए कोर्स की फीस का जो वर्तमान प्रारूप तैयार किया हुआ है, वह लागू होता है तो 5-6 करोड़ विश्वविद्यालय को प्राप्त हो जाता। सरकार विश्वविद्यालयों का बजट देती है। लेकिन दो साल पहले सरकार ने बजट देना बंद करके लोन देना शुरू कर दिया था। जब इस निर्णय का व्यापक विरोध पूरे प्रदेश में हुआ तो सरकार ने अपना फैसला बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### सरकार यूनिवर्सिटी को दे पूरा बजट



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एक सरकारी यूनिवर्सिटी है। लेकिन विश्वविद्यालय के सभी खर्च बच्चों से फीस लेकर चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद जरूरत के अनुसार शिक्षक भी नहीं है। सरकार यूनिवर्सिटी को पूरा बजट सरकार दें। ये सरकारी ड्यूटी है। देश में सिविल सर्विस के फार्म भरने की फीस तो 100 रुपये है। लेकिन एमडीयू का दाखिला फार्म भरने की 1600 रुपये फीस है। कोई छात्र पढ़ेगा तभी नौकरी कर सकता है। लेकिन इतनी फीस बढ़ाकर प्रशासन ग्रामीण समुदाय के लोगों अनपढ़ रखना चाहती है। सरकार ने फीस में जो बढ़ोतरी की है, उसे तुरंत प्रभाव से रद किया जाए। नहीं तो हम आंदोलन तेज करेंगे।

**-विनोद कुमार**, रिसर्चर, पत्रकारिता एंव जन संचार विभाग, मदवि

# गांधी कैंप में शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



गांधी कैम्प स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान की दूसरी मंजिल पर शुक्रवार को अचानक भीषण आग लग गई। धुआं निकलता देख दुकान के मालिक ने दमकल विभाग को सूचना दी। वहीं, आग लगने के कारण दूसरी मंजिल पर धुआं हो गया, जिसमें एक कर्मचारी का दम घुट गया और उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब छह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारण दुकानदार को काफी नुकसान हुआ।

### ऐसे लगी आग

जानकारी अनुसार दुकान के ऊपर दूसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। दुकान में टीवी का सामान व तार पड़ी हुई थी, जिसके कारण आग भड़क गई और देखते ही देखते पूरी दुकान से आग की लपटे निकलने लगी। दुकान से निकलने वाले धुएं के कारण आकाश में धुएं का गुब्बार बन गया। पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने फोन पर दमकल विभाग व पुलिस को सूचित किया।

**एक घंटे तक बाजार में रही दहशत:** इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान की दूसरी मंजिल में आग लगने से गांधी कैंप में एक घंटे तक खलबली रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी अन्य क्षति से बचने के लिए गांधी कैंप को जाने वाले मार्ग को रोक दिया। आग की सूचना सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए। कुछ लोगों ने प्रथम तल पर रखे सामान को निकालकर बचा लिया। वहीं, सूचना मिलने पर दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया और कर्मचारी को बाहर निकाला।


जाट एजुकेशन सोसाईटी (रजि.) रोहतक



दीनबंधु चौ. छोटूराम जी




संत शिरोमणी बाबा मस्तनाथ जी

23 जून, 2024 को प्रबंधकारिणी के चुनाव में
राजेन्द्र उर्फ राज सिंह नांदल (पूर्व प्रधान)







पानी की टंकी
चुनाव चिन्ह

संकल्प पत्र

- संस्था में रोजगारपरक पाठ्यक्रम एवं कोर्स शुरू करने की पहल की जाएगी।
- खेल एवं खिलाड़ियों को उन्नत उपकरण एवं श्रेष्ठ कोचिंग सुनिश्चित करवाई जाएगी।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सेंटर की स्थापना की जाएगी।
- विदेश में शिक्षा और रोजगार की संभावनाओं की जानकारी, सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।
- कला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु संग्रहालय की स्थापना की जाएगी।
- छात्र-छात्राओं के लिए एक अत्याधुनिक डिजीटल ई-लाइब्रेरी 24x7 प्रदान की जाएगी।
- संस्था में छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृति एवं आर्थिक सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।
- परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्यात्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।
- देश-विदेश में कौम के प्रतिष्ठित एवं सक्षम लोगों को संस्थाओं के विकास में सहयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा।
- संस्थाओं के प्रबंधन को सुचारू रूप से चलाने के लिए विशेषज्ञों एवं आजीवन सदस्यों की समितियां गठित की जाएंगी।
- संस्था के शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए एक कल्याण कोष की स्थापना की जाएगी।
- आधुनिक सुविधाओं के पूरिपूर्ण चिकित्सालय शुरू करवाया जाएगा।
- संस्था के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को समय-समय पर बुलाकर उन्हें सम्मानित कर संस्था के विकास में सहयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा।
- कर्मठ, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों एवं शिक्षकों को समय-समय पर सम्मानित कर प्रोत्साहन कर दिया जाएगा।

राज सिंह नांदल के पैनल को अपना सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद देकर संस्था का कुशल एवं गतिशील नेतृत्व सुनिश्चित करें।


गाय सीढ़ियां चढ़ तो सकती है, लेकिन उसे उतरने में काफी परेशानी होती है।


चींटी एक ऐसा जीव है जिसके पास फेफड़े नहीं होते इसीलिए वह सो नहीं सकती है।



# चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर का पद शानदान, बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है।

## काफी ज्यादा मांग

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। यहां मुख्य अधिकारी कंपनी के अंतर्गत सभी तरह के तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन करता है उसका मूल्यांकन करता है तथा कंपनी का राजस्व अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी हर तरह के टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराता है और उन पर अपनी निगरानी में तथा अपनी जिम्मेदारी से काम करके कंपनी को मदद पहुंचाता है। कंपनी के लिए उपयुक्त तथा उपयोगी हर तरह की टेक्नोलॉजी का लेखा जोखा और उसकी देखरेख मुख्य अधिकारी के अंतर्गत आती है। टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी को आसान तरीके से चलाने का कार्य भी मुख्य तकनीकी अधिकारी का होता है।

## करने होते ये काम

- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर अपनी सूझबूझ से कंपनी के कार्य को अच्छी तरह से फैलाता है तथा कंपनी के मुख्य अधिकारियों को कंपनी को विकसित करने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने में टेक्नोलॉजी के जरिए मदद करता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर अपनी जिम्मेदारी से कंपनी के अंतर्गत होने वाले टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्य को संपन्न करवाता है और टेक्नोलॉजी के सेक्टर से संबंधित कंपनी को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर कंपनी के अंतर्गत होने वाले सभी टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट कंपनी के मुख्य अधिकारियों को समय-समय पर सौंपता है।

- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपनी सूझबूझ से आईटी परियोजनाओं को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करता है।
- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर कंपनी का सभी महत्वपूर्ण और जरूरी डाटा सुरक्षित रखता है।
- कंपनी के लिए जरूरी डाटा को सुरक्षित रखकर उसका प्रबंध करता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपने अनुभव के आधार पर टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी और ग्राहक के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करता है।
- तकनीकी के नए-नए तरीकों से कंपनी के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्या का निवारण किया जाता है।
- तकनीकी की मदद से अत्याधुनिक तरीके से निवेश किया जाता है।
- कंपनी का राजस्व बढ़ाने के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कंपनी के लिए उपयोगी उपकरण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि का संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करता है।

## जरूरी योग्यताएं

- सीटीओ बनने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना अनिवार्य है।

### तनख्वाह

किसी भी कंपनी या व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले सीटीओ की सैलरी इस बात पर निर्भर करती है कि वह अधिकारी दुनिया के किस देश में तथा किस प्रकार की कंपनी में काम करता है क्योंकि आमतौर पर बड़ी-बड़ी अमेरिकी कंपनियों में पूरी दुनिया के मुकाबले अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। भारत में भी बड़ी-बड़ी कंपनियां मुख्य तकनीकी अधिकारियों को अच्छा वेतन प्रदान करती है। आमतौर पर भारत में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर को प्रतिवर्ष 20,00,000 रुपए से लेकर 30 लाख रुपए के अंतराल में दिए जाते हैं। इसके अलावा अधिकारी के अनुभव और कंपनी के ऊपर सैलरी निर्भर करती है।

### कैसे बने सीटीओ

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर बनने के लिए आपको शुरुआत से ही विज्ञान विषय से संबंधित अध्ययन करना चाहिए और इसी फील्ड में आगे बढ़ना चाहिए अगर आप चीफ टेक्नॉलाजी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कंप्यूटर विज्ञान की फील्ड में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। ऐसा करने से आपके पास टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान आ जाएगा, जिसके आधार पर आप और अधिक गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। आमतौर पर बड़ी-बड़ी कंपनियां सीटीओ के पद पर ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं जिन्हें पहले से ही कुछ एक्सपीरियंस हो ऐसी स्थिति में आप शुरुआती समय में छोटी कंपनियों में कार्य कर सकते हैं, जिससे समय के अनुसार आपका एक्सपीरियंस बढ़ता रहेगा।

---

### महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते

# सेना में काफी महत्वपूर्ण होता है क्लर्क का पद, आप भी चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## समय-समय पर निकलती रहती नौकरियां

भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है जो कि भारत के सशस्त्र बलों में से एक है। भारतीय सेना देश की सुरक्षा आंतरिक और बाहरी दोनों ही रूप से करती हैं। देश की सीमा पर बड़े पैमाने पर भारतीय सुरक्षा पहरा देती हैं और देश के अंदर भी जगह-जगह छावनी में भारतीय सेना रहती है ताकि देश के अंदर और देश की सीमा दोनों ही जगह पर शांति कायम रहे और बाहरी हमलों से देश सुरक्षित रहे। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है।



इसीलिए भारतीय सेना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पद आते हैं। सेना में आर्मी ऑफिसर, नर्सिंग असिस्टेंट, क्लर्क, फौजी , टेक्निक, ट्रेड मैन इत्यादि विभिन्न प्रकार के पद आते हैं।



### सबके अलग-अलग काम

सभी अलग-अलग पद वाले अधिकारी अलग-अलग काम करते हैं या हम यह कह सकते हैं कि अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग पद निर्धारित किए गए हैं। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। इसीलिए इस सेना को बेहतर बनाए रखने के लिए अन्य विभिन्न प्रकार के पदों की आवश्यकता होती हैं। जिनमें एक मुख्य पद आर्मी क्लर्क का भी होता है।

### सेना में यह जरूरी पद

बता दें कि भारतीय सेना में क्लर्क का कार्य भारतीय सेना के अंतर्गत काफी जरूरी माना जाता है। जैसा की आप सभी को पता ही है हमारे देश के अधिकांश युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं और आज के युवाओं में भारतीय सेना में जाने का जज्बा देखने को मिलता है। हर कोई भारतीय सेना में जाकर देश के लिए काम करना चाहता है। तो आप भारतीय सेना के तहत क्लर्क बन सकते हैं। हर वर्ष लाखों की संख्या में युवाओं द्वारा आर्मी कलर्क के लिए आवेदन किया जाता है। लेकिन भारतीय सेना के तहत किसी भी पद पर नौकरी करना इतना आसान नहीं है। इसके लिए आपको परीक्षा देनी होती है। शारीरिक रूप से परीक्षण करवाना होता है और विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग होती है। उसके बाद ही आप भारतीय सेना में नौकरी कर सकते हैं।

### क्या होता है क्लर्क का पद

*भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। यह देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने का मुख्य काम करती हैं। इस सेना के तहत विभिन्न प्रकार के पद हैं, जिसमें एक बड़ा पद इंडियन आर्मी क्लर्क का भी होता है। अधिकांश लोगों को यह जानने में रुचि होती है कि भारतीय सेना के तहत क्लर्क का क्या काम होता है। तो आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि भारतीय सेना में क्लर्क के पद पर काम करने वाले कर्मचारियों को कुछ संबंधित और महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते हैं। भारतीय सेना से जुड़े दस्तावेज काफी महत्वपूर्ण और जरूरी होते हैं। इसीलिए यह पद जिम्मेदारी वाला माना जाता है।*

*भारतीय सेना में क्लर्क का काम करने वाला कर्मचारी भारतीय सेना के प्रमुख दस्तावेजों को नियोजित करके रखता है। भारतीय सेना से संबंधित जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना होता है। भारतीय सेना के कार्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को करता है। इंडियन आर्मी क्लर्क भारतीय सेना में काम कर रहे अन्य सैनिकों और जवानों की सूची तैयार करता है तथा सूची अनुसार अलग-अलग श्रेणी के तहत सभी की जानकारी दस्तावेजों के आधार पर सुरक्षित रखता है। इसके अलावा इंडियन आर्मी क्लर्क का काम कंप्यूटर विभाग, कार्यालय, पुस्तक, डॉक्यूमेंट, पोस्ट्स इत्यादि का रखरखाव करना होता है।*

### ऑनलाइन आवेदन

सेना में क्लर्क बनने के लिए सबसे पहले आपको इस पद पर आयोजित भर्ती के लिए आवेदन करना होगा। हर वर्ष सरकार द्वारा आर्मी क्लर्क हेतु भर्ती का आयोजन करवाया जाता है। जिसकी सूचना पहले ही ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी करके बता दी जाती है। यह सूचना मिलने के बाद आपको ऑफिशियल वेबसाइट से आवेदन करना होता है। आवेदन करते समय आपको अपनी सभी जरूरी और महत्वपूर्ण जानकारी को सही ढंग से दर्ज करना है और संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड कर देना है।

### तनख्वाह

सेना में क्लर्क की नौकरी करने वाले कर्मचारी को सैलरी के रूप में हर महीने न्यूनतम 5500 से लेकर सामान्यत 25000 तक दिया जाता है। इसके अलावा ग्रेड पे पर 1800 रुपये प्रतिमाह मिलता है। आर्मी क्लर्क को ग्रेड पर और वेतन के अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं और विभिन्न प्रकार के भत्ते दिए जाते हैं। जो इस प्रकार है– महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और कैंटीन की सुविधाएं दी जाती हैं।



### जरूरी योग्यताएं

- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार का कम से कम 12वीं पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या शिक्षण संस्थान से 12वीं पास कर सकता है।
- उम्मीदवार को साईंस/ कॉमर्स और आर्ट स्ट्रीम से ही 12वीं पास करनी होगी।
- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार को 12वीं क्लास में 60% अंक प्राप्त करने होंगे।
- आवेदक के 12वीं क्लास के प्रत्येक विषय में कम से कम 50% अंक होने चाहिए।
- उम्मीदवार के 12वीं क्लास में मैथ/ इंग्लिश/अकाउंट/ बुक कीपिंग इनमें से किसी एक सब्जेक्ट का होना अनिवार्य है।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 160 सेंटीमीटर होना चाहिए।
- उम्मीदवार की छाती कम से कम 77 सेंटीमीटर होनी चाहिए।
- आवेदन करने वाले उम्मीदवार के शरीर का वजन कम से कम 48 किलो होना चाहिए।
- इसके अलावा देश के अलग-अलग राज्यों द्वारा इस पद हेतु अलग अलग ऊंचाई, सीना और वजन निर्धारित किया गया है।
- आर्मी क्लर्क पद के लिए आयोजन करने वाला व्यक्ति भारत का नागरिक होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु कम से कम 17 वर्ष व 6 महीने होनी चाहिए।
- इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 23 वर्ष निर्धारित की गई है।
- उम्मीदवार का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना चाहिए।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार के आँखों की रोशनी 6/6 होना चाहिए।
- अभ्यर्थी को कलर ब्लाइंटनेस का रोग नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार व्हाइट, रेड, ग्रीन सिग्नल पहचाने में सक्षम होना चाहिए।
- इस पद के उम्मीदवार के शरीर में किसी भी प्रकार की कोई भी बीमारी नहीं होनी चाहिए।

**शारीरिक जांच :** आवेदन करने के बाद सबसे पहले आपको शारीरिक स्वास्थ्य की जांच करवानी होती हैं। यह प्रथम चरण का टेस्ट होता है। इसमें उम्मीदवार को निर्धारित समय के तहत निर्धारित दूरी की दौड़ पूरी करनी होती है। उसके बाद निर्धारित किया गया पुश-अप निर्धारित समय में पूर्ण करना होता है। प्रथम चरण की यह परीक्षा कुल 100 अंकों की होती हैं जिनमें 60 अंक दौड़ के और बाकी के 40 पुश-अप के होते हैं।

**दस्तावेजों की जांच :** सेना में क्लर्क बनने के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाना होता है। शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के तहत 10वीं क्लास 12वीं क्लास का सर्टिफिकेट पहचान पत्र इत्यादि कुछ जरूरी और महत्वपूर्ण दस्तावेज की जांच की जाती है।

**मेडिकल टेस्ट :** डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट देना होता है। इसके तहत उम्मीदवार के शरीर की जांच की जाती हैं जिससे पता चलता है कि वह उम्मीदवार किसी रोग का शिकार है या नहीं।

**लिखित परीक्षा:** मेडिकल टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाता है। भाग-1 में सामान्य ज्ञान, सामान्य साईंस, गणित और कंप्यूटर साईंस सब्जेक्ट का प्रश्न होता है। एवं भाग-2 में सामान्य अंग्रेजी भाषा का प्रश्न होता है। इस परीक्षा के अंतर्गत आने वाला पेपर 100 अंको का होता है और लिखित परीक्षा 200 अंकों की होती है।

---

# साक्षात्कार में खुद को कैसे प्रस्तुत करें और अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण दिखाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

साक्षात्कार नौकरी प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण चरण है। यह आपकी क्षमता, व्यक्तित्व और कौशल को प्रदर्शित करने का एक मौका होता है। सही ढंग से खुद को प्रस्तुत करके, आप साक्षात्कारकर्ता पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यहां बताया गया है कि साक्षात्कार में अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसे

दिखाएं। किसी संगठन की पृष्ठभूमि का ज्ञान प्राप्त करना न केवल साक्षात्कार के लिए तैयार होने में मदद करता है, बल्कि नौकरी के दौरान भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आपको संगठन की कार्यशैली, मूल्यों, और भविष्य की दिशा को समझने में सहायता करता है।

## आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दें

1. **साक्षात्कार की तैयारी में सहायता**: संगठन के बारे में जानकारी आपको साक्षात्कार में आत्मविश्वास से भरे उत्तर देने में मदद करती है।

**प्रासंगिक उत्तर**: आप प्रश्नों के उत्तर संगठन के उद्देश्यों और संस्कृति के संदर्भ में दे सकते हैं, जिससे आपकी तैयारी और समझ का पता चलता है।

**अच्छे सवाल**: आप संगठन की पृष्ठभूमि से जुड़े महत्वपूर्ण और प्रभावी सवाल पूछ सकते हैं, जो आपकी जिज्ञासा और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

2. **संगठन की संस्कृति और मूल्य**: किसी भी नौकरी में सफल होने के लिए उस संगठन की संस्कृति और मूल्य समझना बेहद जरूरी है।

**सांस्कृतिक अनुकूलता**: संगठन की संस्कृति को जानकर आप यह समझ सकते हैं कि आपका काम करने का तरीका और आपका व्यवहार वहां कैसे फिट होगा।

**मूल्य समझना**: संगठन के मूल्य और दृष्टिकोण को समझकर आप उन्हें अपने काम और निर्णयों में लागू कर सकते हैं।

3. **संगठन की रणनीति और दृष्टिकोण**: संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आपको उसकी दीर्घकालिक रणनीतियों और लक्ष्यों की समझ मिलती है।

**सहयोग में मदद**: यह जानकारी आपको अपने काम को संगठन के बड़े लक्ष्यों से जोड़ने में मदद करती है।

**प्रदर्शन में सुधार**: आप अपने प्रदर्शन और योगदान को संगठन की प्राथमिकताओं के अनुरूप ढाल सकते हैं।

4. **चुनौती और अवसर की पहचान**: संगठन के इतिहास और वर्तमान स्थिति की जानकारी से आप उसकी चुनौतियों और संभावित अवसरों को पहचान सकते हैं।

**समस्याओं को हल करना**: संगठन की वर्तमान चुनौतियों को समझकर आप समाधान पेश कर सकते हैं, जिससे आप एक मूल्यवान कर्मचारी साबित होते हैं।

**अवसरों का लाभ**: नए अवसरों की पहचान कर आप संगठन में नवाचार और विकास के लिए सुझाव दे सकते हैं।

5. **करियर विकास**: संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आप अपने करियर को बेहतर तरीके से प्लान कर सकते हैं।

**विकास के अवसर** : संगठन की विकास दर और भविष्य की योजनाओं को समझकर आप अपनी करियर ग्रोथ की संभावना का आकलन कर सकते हैं।

### महत्वपूर्ण सुझाव

1. **आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करें**: जब आप साक्षात्कार के लिए कमरे में प्रवेश करें, तो आत्मविश्वास से भरपूर रहें। आपके चलने का तरीका, हाथ मिलाने का तरीका और चेहरा देखकर साक्षात्कारकर्ता आपके आत्मविश्वास का अंदाजा लगा सकते हैं।

**मजबूत हैंडशेक**: साक्षात्कारकर्ता से मजबूती से और आत्मविश्वास के साथ हाथ मिलाएं।

**मुस्कुराहट**: हल्की मुस्कान आपके आत्मविश्वास को दर्शाती है और एक सकारात्मक माहौल बनाती है।

2. **उपयुक्त पहनावा**: आपका पहनावा आपके व्यक्तित्व का पहला प्रभाव छोड़ता है। इसलिए, नौकरी के प्रोफाइल और कंपनी की संस्कृति के अनुसार उपयुक्त कपड़े पहनें।

-**व्यवसायिक पोशाक**: फॉर्मल कपड़े पहनें, जो आपके प्रोफेशनलिज्म को दिखाते हैं।

**स्वच्छता**: अपने कपड़े साफ और अच्छी तरह प्रेस किए हुए रखें।

3. **तैयारी महत्वपूर्ण है**: साक्षात्कार से पहले कंपनी और नौकरी के विवरण के बारे में अच्छे से अध्ययन करें। इससे आप बेहतर तरीके से सवालों का जवाब दे पाएंगे और यह भी दिखेगा कि आप नौकरी को लेकर गंभीर हैं।

**कंपनी का अध्ययन**: कंपनी की वेबसाइट, उनके उत्पादों/ सेवाओं और उनके कार्य संस्कृति के बारे में जानकारी लें।

**जॉब प्रोफाइल**: जॉब प्रोफाइल में बताई गई आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों को समझें।

4. **प्रभावशाली उत्तर दें**: प्रश्नों का उत्तर देते समय संयम और आत्मविश्वास बनाए रखें। अपने उत्तर स्पष्ट और सटीक रखें।

**व्यक्तिगत अनुभव**: अपने व्यक्तिगत अनुभवों और उपलब्धियों का उल्लेख करें, जो आपके कौशल को प्रदर्शित करते हैं।

**स्टार तकनीक**: स्थिति, कार्य, क्रिया और परिणाम का उपयोग करके उत्तर को संरचित करें।

5. **भाषा और हावभाव पर ध्यान दें**: आपकी बॉडी लैंग्वेज और बोलने का तरीका साक्षात्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय
(बी) द्रविड़
(सी) आस्ट्रिक
(डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी
(बी) संस्कृत
(सी) तमिल
(डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए) अपभ्रंश से
(बी) लौकिक संस्क्रत से
(सी) पालि-प्राकृत से
(डी) वैदिक संस्कृत से

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी
(बी) बांगरू
(सी) अवधी
(डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा
(बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा
(डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

# राजीव गांधी खेल परिसर में 4850 साधकों ने एक साथ किया योग

## खेड़ी-महम गांव में नवनिर्मित योग व्यायामशाला का उद्घाटन किया और गांव ईस्माइला 9बी में योग व्यायामशाला का शिलान्यास किया

### प्रधानमंत्री ने योग को विश्व में पहचान दिलवाई: रामचंद्र जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में लगभग 4 हजार 850 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा रहे। सांसद ने खेड़ी-महम गांव में नवनिर्मित योग व्यायामशाला का उद्घाटन किया और गांव ईस्माइला 9बी में योग व्यायामशाला का शिलान्यास किया। योग प्रशिक्षक पूनम अहलावत ने सभी योग साधकों को सोच में संतुलन बनाए रखने का संकल्प दिलवाया। सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय प्राचीन पद्धति योग को विश्व में पहचान दिलवाई है। प्रतिदिन योग कर हम स्वस्थ रह सकते हैं और विश्व भी स्वास्थ्य सही रखने के लिए योग को अपना रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा मोटे अनाज को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। हर व्यक्ति अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाए तथा मोटे अनाज का भी सेवन करें। इससे पहले राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व अध्यक्ष अजय बंसल के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



रोहतक। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा।



रोहतक। योग करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा , उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग।





### यहां भी हुए कार्यक्रम

चौधरी लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम में बच्चों ने योग से संबंधित गतिविधियां की। लाखनमाजरा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृतिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महम में महम स्थित हुडा पार्क, सांपला में सर छोटूराम महिला महाविद्यालय, कलानौर में पुरानी आईटीआई मैदान में खंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। लाखनमाजरा में ब्लॉक समिति चेयरमैन वीरेंद्र दलाल के अलावा खंड शिक्षा अधिकारी रितू पंघाल, डॉ. कपिल गुप्ता, प्राचार्य जितेंद्र मलिक, बीआरसी सदानंद, यक्ष गोयल, अशोक कुमार, रविंद्र अहलावत, सुरेंद्र कुमार, सुशीला, आयुष योग शिक्षक संजय सिंह, योग इंस्टक्टर नवीन, पतंजलि से उपेंद्र व महावीर आर्य आदि उपस्थित रहे। कलानौर में महंत ईश्वर शाह, महंत हरपाल सिंह के अलावा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जरनैल सिंह नैन, खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल, एसएमओ डॉ. कमला वर्मा व डॉ. संजीव मलिक आदि उपस्थित रहे। सांपला खंड के लिए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, एसडीएम सांपला सुभाष चंद्र जून, तहसीलदार जितेंद्र, बीडीपीओ रमेश व खंड शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे। महम में महम नगरपालिका की चेयरपर्सन भारती पंवार, तहसीलदार अजीत कलकल, खंड शिक्षा अधिकारी सरिता, आयुष विभाग से डॉ. नवीन कुमार व पूर्व चेयरमैन फतेह सिंह उपस्थित रहे।



रोहतक। योग करते हुए बच्चें ।







रोहतक। योग करते हुए आर्य, योग करते हुए बच्चें, पौधारोपण करते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा , उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक।

### मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने सिरतार संस्थान में मनाया योग दिवस

रोहतक। सिरतार संस्थान में मंडल आयुक्त एवं सिरतार संस्थान के चेयरमैन संजीव वर्मा की अध्यक्षता में योग दिवस का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. एडी पासवान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं सिरतार संस्थान की निदेशक वैशाली सिंह ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं दी।



### हिंदू कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

रोहतक। श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। डॉक्टर रौनक राठी ने योगाभ्यास करवाया। प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना अर्थात खुद को खुद से जोड़ना।



### सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए

रोहतक। कैलाश पार्क सुभाष नगर में सुभाष नगर रेजिडेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा योग दिवस मनाया गया। महासचिव कमल दुरेजा ने कहा कि सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। इस अवसर पर वीना बहल, करमबीर देशवाल, नरेश, प्रधान प्रवीन सहगल, पूर्व पार्षद राधेश्याम ढल आदि मौजूद रहे।



### योग को जीवन में अपनाएं

रोहतक। एमडीएन पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शशांक आसन, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी और ध्यान प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। विद्यालय के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में योग को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि योग का अभ्यास मनुष्य के मस्तिष्क और सेहत के लिए लाभदायक है। योग से मनुष्य में सकारात्मकता का संचार होता है।



### मोखरा कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को बताई 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की वजह



महम। गवर्नमेंट कॉलेज मोखरा योग का अभ्यास करती छात्राएं।

महम। मोखरा के साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। योग दिवस पर छात्राओं, प्राध्यापकों व अन्य स्टाफ सदस्यों ने योग किया। योग कार्यक्रम सहायक प्राध्यापक संदीप कुमार की देखरेख में किया गया। इस दौरान संदीप कुमार ने छात्राओं को योग दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि 21 जून को ही अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है। बताया कि 21 जून उत्तरी गोलार्ध का सबसे बड़ा दिन होता है। इसे ग्रीष्म सक्रांति भी कहते हैं। ग्रीष्म सक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन होता है। माना जाता है कि यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस मौके पर कई तरह के योग और प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।

### मानव धर्म आश्रम में किया योग

रोहतक। मानव धर्म आश्रम में रोशनी बाई की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें सभी ने योग करके जीवन को स्वस्थ रखना सीखा। रोशनी बाई ने ने सतसंग में बताया कि बुराई से बचकर अच्छे मार्ग पर चलना भी योग है। इस मौके पर संस्था के प्रधान हरिओम, सूर्य प्रकाश, दीपक, रामफल, विजय, मल्लूराम आदि मौजूद रहे।



## महम के टाऊन पार्क में लोगों ने किया सामूहिक योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कस्बा महम के टाऊन पार्क में योग करते महम शहर व आस पास के गांवों के लोग।

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट के मार्गदर्शन में 10 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह कस्बे के हुडा टाऊन पार्क में मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नपा चेयरमैन भारती पवार ने शिरकत की। भारती पवार ने समारोह में पहुंचे आयुष विभाग एवं योगाचार्य, शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों, महम के गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए योग दिवस की बधाई दी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। सभी को योग करना चाहिए और योग से ही हम निरोग रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ स्वास्थ्य ही जीवन है, अगर हमनें स्वस्थ रहना है तो दिनचर्या में योग को अपनाना होगा। शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। योग करने से हमें अच्छी सेहत मिलती है तथा तनावमुक्त बनाए रखता है। नियमित योग दवाओं का विकल्प है। योग के लिए थोड़ा सा समय निकाले और दवाओं पर खर्च होने वाले हजारों रुपए बचाएं। हमें योग को अपने जीवन में उतारना होगा, तभी हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। योग करने से मानवता का भला हो सकता है। आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है,ये भारती पवार ने बताया।

आयुष विभाग से विकास, धीरेंद्र और भतेरी ने योगसाधकों को योगाभ्यास के प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया । उन्होंने सामान्य योगिक क्रियाओं से शुरुआत करते हुए ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मक्रासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतूबंध आसन, उत्तानपाद आसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, कपाल भाति आदि सभी प्रकार के मुख्य योगासन करवाए। हुडा पार्क में योगासन के समापन के बाद आयुष विभाग द्वारा योग दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

#### ये रहे मौजूद

सेमीनार में संजय दांगी नेचुरल थैरेपी, आरपी शर्मा ने दिमाग को स्वस्थ रखने स्वस्थ आहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। और बताया कि आज के भाग दौड भरे जीवन में हम एकाग्रता के द्वारा ध्यान लगाकर स्वस्थ रह सकते है। इस अवसर पर सरिता खंड शिक्षा अधिकारी महम, आयुष विभाग से डॉ. नवीन कुमार, पूर्व चौयरमैन फतेह सिंह, महम के पदाधिकारियों, शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

### तनाव से बचने के लिए करें योग

रोहतक। रामनगर स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। पतंजलि योगपीठ की सदस्या व योग शिक्षिका राजमोहिनी ने योग की बारीकियां व उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में बच्चों से लेकर वृद्ध तक सभी तनावपूर्ण जीवन जी रहे हैं। जिससे बचने का एकमात्र उपाय प्राणायाम ही है।



### योग को दिनचर्या में करें शामिल

रोहतक। सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान अवनीश सैनी ने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा योग को अपनी दिनचर्या का भाग बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश सैनी, सैनी सह शिक्षा कालेज व सैनी बीएड कालेज के प्रधान धर्म सिंह दहिया आदि मौजूद रहे।

### योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ

रोहतक। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आईटीआई ग्राउंड कलानौर में खंड स्तरीय योगा डे मनाया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। नोडल अधिकारी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कटारिया रहे। योगाचार्य अनिल आर्य ने सभी को योगाभ्यास करवाया।



### योग को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सभी ने योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने सभी को योग का महत्व बताया। योग विज्ञान विभाग संयोजिका संगीता दलाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### पंडित नेकीराम कॉलेज में योग दिवस मनाया

रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। ज्योति आर्य ने प्राणायाम के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्य लोकेश बल्हारा, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. मस्तराम, डॉ. प्रवीन धायल, डॉ. सुशील दलाल, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. अनिल ग्रोवर, डॉ. अमित सहगल, डॉ. नवीन डांगी, डॉ. अनीता मलिक, डॉ. रीना पंघाल आदि उपस्थित रहे।

## एमडीयू ने समुदाय ने योग दिवस पर किए आसन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह पूर्वक मनाया गया। कॉमन योग प्रोटोकाल के तहत यौगिक क्रियाएं तथा योगासन प्रदर्शन इस कार्यक्रम में किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत की और जीवन में योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि योग हमारी दिनचर्या का हिस्सा रहा है। परंतु योग को अंतरराष्ट्रीय ख्याति का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि योग हमारी वैदिक परंपरा से जुड़ा है। योग शरीर और मन का तालमेल है, आज जरूरत है कि योग को खुद के साथ-साथ जन-जन की जीवन चर्या का हिस्सा बनाया जाए। वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू में योग को बढ़ाने के लिए, वैदिक परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए योग अध्ययन केंद्र तथा वैदिक अध्ययन केन्द्र की स्थापना की है। उन्होंने उपस्थित जन से योग को स्वयं अपनाने और समाज में भी लेकर जाने का आह्वान किया। उन्होंने इस वर्ष योग को एमडीयू की आउटरीच एक्टिविटी के जरिए समाज में लेकर जाने की बात की। युवा योग को समाज में जन जन तक ले जाने का प्रण करे। योग से सुविचार आते हैं। सुविचार से ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है, ऐसा कुलपति का कहना था। कार्यक्रम में कर्नल गुरपाल सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। योग अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम- योग स्वयं के लिए तथा समाज के लिए पर प्रकाश डाला।

#### ये रहे मौजूद

कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग, चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग, निदेशिका सीडीएस डॉ. प्रतिमा रंगा, वाईआरसी प्रोग्राम कोआर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान, एनएसएस कोआर्डिनेटर डॉ. सविता राठी, एनसीसी अधिकारी डॉ. विकास सिन्धु व डॉ. आरती चहल, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, पीआरओ पंकज नैन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, वाईआरसी काउंसलर्स, एमडीयू के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मी, शोधार्थी, विद्यार्थी, कैंपस स्कूल के विद्यार्थी एवं स्टाफ, गणमान्यजन इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

रोहतक। सनसिटी सेक्टर 36 ए स्थित स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। विद्यालय में प्रतिदिन सिखाए जाने वाले योगासनों में से अपना पसंदीदा आसन चुनकर कुछ तस्वीरें अपनी अध्यापिकाओं के साथ साझा की। वीडिओ के माध्यम से योग के लाभ बताए गए, जिसमें सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, भुजंग आसन व ध्यान जैसी योग क्रियाए शामिल रही।



### शरीर को निरोग रखने के लिए योग जरूरी

रोहतक। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन द्वारा अपने पिता बिमल प्रसाद जैन की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन मानसरोवर पार्क में किया गया। योग गुरु हवा सिंह सैनी ने कहा कि शरीर को निरोगी रखने के लिए योग बहुत जरूरी है। सैनी ने कहा कि नियमित रूप से योगा करने से पुरानी से पुरानी बीमारी से भी छुटकारा पाया जा सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन 40 मिनट योग अवश्यक करना चाहिए।



### योग करने से शरीर चुस्त रहता है



रोहतक। केन्द्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।। शारीरिक शिक्षक मुकेश दलाल और योग शिक्षक सचिन ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। प्राचार्या परमजीत ने कहा कि योग के निरंतर अभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ व दीर्घायु रहता है। नियमित योग करने से हमारा शरीर चुस्त दुरूस्त बना रहता है।

### योग करने के लाभ बताए

रोहतक। दा आर्यन ग्लोबल विद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक दुर्गा देवी ने योगाभ्यास के साथ साथ प्रत्येक योगासन के लाभ बताए। प्रधानाचार्य आरके खन्ना बच्चों के प्रयास की सराहना की।




### विभिन्न आसनों का अभ्यास किया

रोहतक। जेपी कॉलोनी स्थित शिक्षा भारती विद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योगभ्यास किया गया। सभी ने संधि व्यायाम, खड़े होने वाले आसान, बैठने वाले आसन, प्राणायाम का अभ्यास किया।



### विभिन्न योगासन करवाए

रोहतक। विकल्प पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर योगा सेशन का आयोजन किया गया। योगा ट्रेनर मीनू हुड्डा ने विभिन्न प्रकार के योग आसन, मेडिटेशन और कार्डियो एक्सरसाइज करवाई। इसके अलावा उन्होंने विभिन प्रकार की बीमारियों को दूर करने के लिए कई अहम जानकारी और योग मुद्रायें भी बताई।





रोहतक। एमआर डीएवी संस्थान में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### शिक्षा भारती विद्यालय में योग दिवस मनाया

रोहतक। गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में योग दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराया गया। विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, योग क्रियाएं करवाई गई।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR 2
CHEMIST SHOP STAFF 2
PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र
▲ मन उदास रहना (डिप्रेशन),
▲ चिन्ता करना, नींद की समस्याए
▲ फिजूल के विचार आना (OCD)
▲ सिरदर्द (माइग्रेन) ▲ शक-वहम होना
▲ सभी प्रकार के दौरे ▲ बाईपोलर डिसार्डर
▲ भूलने की बीमारी ▲ नशा मुक्ति
➤ अत्यधिक गुस्सा करना ➤ स्किजोफ्रेनिया,
➤ घबराहट ➤ बच्चों की व्यवाहारिक समस्याएं
➤ बेचैनी
यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466 8685805302

## शहर में आज

- सैनी स्कूल रोड पर सच जीव आत्मा सेवा ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन सुबह 10 बजे
- नगर निगम द्वारा नालों की सफाई की जाएगी सुबह 10 बजे से
- शोरी क्लॉथ मार्केट का चुनाव होगा सुबह 10.30 बजे से
- पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा सुबह 9 बजे से

# आईआईएम ने छात्रों को दिया चार दिन का समय, गलत दस्तावेज दिए तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- ओबीसी कोटे में एडमिशन के लिए 8 लाख से ज्यादा आय न होने की शर्त

आईआईएम में देर रात ओबीसी कोटे से एडमिट हुए बच्चों को बाहर निकालने के मामले में मैनेजमेंट ने अभिभावकों के साथ बैठक करके स्थिति को साफ किया है। अभिभावकों का कहना है की इनकम ज्यादा बताकर उनके बच्चों को आईआईएम में एडमिशन रद करने की बात कही जा रही है, तो वहीं मैनेजमेंट ने कहा कि नियमों के अनुसार ओबीसी कोटे में एडमिशन लेने के लिए 8 लाख से ज्यादा आय नहीं होनी चाहिए, फिर भी अभिभावकों को डॉक्यूमेंट जमा करने के लिए चार दिन का वक्त दिया गया है। साथ ही झूठे दस्तावेज व गलत जानकारी देने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। बता दें कि बृहस्पतिवार रात को एडमिशन में ओबीसी कोटे को लेकर विवाद हो गया था। आईआईएम ने करीब 14-15 छात्रों को यह कहते हुए बाहर निकाल दिया कि उनको ओबीसी कोटे का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके बाद ए सभी छात्र और अभिभावक रात को आईआईएम के बाहर ही बैठ गए। छात्रों ने बताया कि उन्हें आईआईएम में दाखिला दे दिया गया था और हॉस्टल भी अलॉट कर दिए गए थे। उन्होंने अपना सामान तक हॉस्टल में शिफ्ट कर लिया था, गुरुवार को फाइनल वेरिफिकेशन हुई। इसके बाद आईआईएम ने उन्हें हॉस्टल से बाहर निकालने का फरमान सुना दिया, यही नहीं उन्हें सामान के साथ आईआईएम



से बाहर निकाल दिया गया। आईआईएम में देर रात से चल रहे बवाल के बाद मैनेजमेंट और अभिभावकों की बैठक हुई है। जिसमें समाधान निकलने के आसार नजर आ रहे हैं। मैनेजमेंट ने अभिभावकों के साथ बैठक कर जरूरी कागजात जमा करने के लिए चार दिन का समय दिया है, ऐसे में अभीभावकों ने आज भी इंस्टिट्यूट के सामने बवाल काटा। अभिभावकों का कहना है कि नियमों के अनुसार ओबीसी कोटा में एडमिशन लेने पर इनकम नहीं देखी जाती तो, वहीं मैनेजमेंट ने कहा कि भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार ओबीसी कोटा में एडमिशन लेने के लिए 8 लाख से ज्यादा इनकम अभिभावकों की नहीं होनी चाहिए। जिसको लेकर मैनेजमेंट द्वारा अभिभावकों को चार दिन का समय दिया है और जल्द से जल्द जरूरी कागजात संस्थान में जमा करने की बात कही है।

### विद्यार्थी को इंस्टिट्यूट से बाहर नहीं निकाला



मैनेजमेंट के सदस्य आशीष खन्ना ने बताया कि किसी भी विद्यार्थी को इंस्टिट्यूट से बाहर नहीं निकाला गया है। कागजात में कुछ कमी थी जिसे पूरा करने के लिए अभिभावकों को चार दिन का वक्त दिया गया है। उन्होंनें बताया कि नियमों के अनुसार ओबीसी कोटा में एडमिशन लेने के लिए 8 लाख की पारिवारिक आय होनी चाहिए, बावजूद इसके अभिभावकों की आय ज्यादा है जो नियमों के अनुसार नहीं है। यदि चार दिन में जरूरी कागजात जमा नहीं करवा पाए तो एडमिशन रद होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि आईआईएम में एडमिशन लेने के लिए नियमों की अवहेलना की गई है।

### फोन पर बताया एडमिशन रद किया : राजेश कहारे

महाराष्ट्र से आए राजेश कहारे ने बताया कि उसकी बेटी का एडमिशन आईआईएम में किया गया था। दो दिन पहले उन्हें फोन आया कि बेटी का एडमिशन रद कर दिया गया है। वह यहां पहुंचे तो पता चला कि उनकी इनकम ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### महर्षि दयानंद विवि में 29 को होगा कार्य दिवस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. में 29 जून को कार्य दिवस रहेगा। एमडीयू रजिस्ट्रार प्रो गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि 18 जून को यूजीसी नेट परीक्षा के उपलक्ष्य में किए गए विश्वविद्यालय अवकाश के एवज में 29 जून कार्य दिवस रहेगा। विवि के कार्यालय तथा विभाग 29 जून को खुले रहेंगे।

### सुचारू रूप से हुई प्रवेश परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. मेभिन्न स्नातकीय पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं सुचारू रूप से आयोजित की गई। शुक्रवार को चार वर्षीय बी एस सी-गणित तथा सांख्यिकी, बीबीए, बीएचएमसीटी तथा बीटीटीएम एवं पांच वर्षीय एमएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गई। मदवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

### शिविर में 144 शिकायतें आई, समाधान के निर्देश

**रोहतक।** लघु सचिवालय समाधान शिविर में 144 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निपटारे के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों का यथाशीघ्र समाधान करवाएं। प्रशासन द्वारा 10 जून से हर कार्य दिवस को जिला व उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाकर शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है।

### डेकोरेशन का काम करने वाले युवक ने फंदा लगाया

**रोहतक।** मेडिकल मोड पर फ्लावर डेकोरेशन का काम करने वाले युवक ने अज्ञात कारणों के चलते पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। राहगीरों ने पेड़ पर शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान संजय नगर निवासी राम आशीष के रूप में हुई।

# जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते का छापा

## फसल मुआवजे के 24 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय पर शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने छापामारी करके फसल मुआवजा से संबंधित रिकॉर्ड की छानबीन की। इसके अलावा फ्लाइंग ने दूसरी ब्रांचों के दस्तावेज भी जांचे। रोहतक ही नहीं प्रदेश के दूसरे जिलों में भी फ्लाइंग ने जिला राजस्व अधिकारी कार्यालयों की जांच की है। विभाग के अधिकारी इसे नियमित जांच पड़ताल बता रहे हैं। ध्यान रहे कि रोहतक में रबी 2022 को मुआवजा किसानों को समय से नहीं मिला। इसके लिए किसान नियमित रूप से डीसी समेत दूसरे अधिकारियों के यहां गुहार लगाते रहे। लेकिन इस गुहार का परिणाम नहीं निकला। बताया जा रहा है कि सरकार ने तो मुआवजा राशि जारी कर दी।

लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने राशि को किसानों के खातों में जमा नहीं करवाया। जिला राजस्व अधिकारी ने मुआवजा राशि



**रोहतक।** कार्यालय में जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम को भेजी। लेकिन एसडीएम ने मुआवजा 31 मार्च 2023 तक जमा नहीं करवाया तो ये पैसा वापस सरकार के खाते में जमा हो गया। ध्यान रहे कि जनवरी-फरवरी 2022 में बेमौसमी बारिश से कई गांवों में फसलें तबाह हो गई थी। सरकार ने ठीक एक साल बाद जनवरी 2023 में रोहतक को प्रशासन मुआवजा जारी कर दिया। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही देखें कि मुआवजे की राशि किसानों के खातों में जमा करवाने की बजाय वापस सरकार को ही भेज दी। क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 खत्म हो गया था। दो महीने से भी अधिक समय तक मुआवजे की राशि रोहतक प्रशासन के खातों में जमा रही। ये राशि दो महीने तक कैसे प्रशासनिक खातों में जमा रही, इसका रिकॉर्ड सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को जांचा।

### ये था मामला

सरकार ने 24 करोड़ से ज्यादा राशि प्रशासन के खाते में जमा करवाए। ताकि किसानों के खातों में मुआवजा राशि जमा करवाई जा सके। बावजूद इसके प्रशासन ने किसानों के खातों में मुआवजे का पैसा 31 मार्च 2023 तक जमा नहीं करवाया जा सका। ऐसे में सरकार ने पैसा वापस मंगवा लिया। नया वित्तीय वर्ष शुरू हुए अब डेढ़ महीने से ज्यादा हो चुका है। लेकिन सरकार ने रोहतक प्रशासन को दोबारा से मुआवजे का पैसा नहीं भेजा। किसान मुआवजे को लेकर चक्कर काटने को मजबूर है।

### एमडीएम ऑफिस में भेजा था पैसा

मुआवजा का वितरण करने के लिए मेरे कार्यालय ने पैसा एमडीएम ऑफिस को भेज दिया था। एसडीएम कार्यालय की जिम्मेदारी थी कि वह किसानों के खातों में ऑनलाइन पैसा जमा करवाए।

**कणब लाकड़ा, राजस्व अधिकारी**

# भैणीभैरों की बेटी शीनू रांगी हैदराबाद आईआईटी से मैथ में करेगी एमएससी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

अब बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं रही हैं। पढ लिखकर बेटियां ऊंचा मुकाम हासिल कर रही हैं। बेटियां अपने माता पिता, देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। ऐसा ही मां बाप का नाम रोशन भैणी भैरों गांव की एक बेटी ने किया है। इस गांव के सुरेंद्र रांगी की बेटी शीनू रांगी का देश की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आई. आई. टी हैदराबाद में एमएससी गणित व कम्प्यूटेशन में दाखिला हुआ है। शीनू रांगी की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का



माहौल है। आईआईटी की कठिन प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण कर शीनू ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उसने अपने गांव से ही शिक्षा ग्रहण करके आई.आई. टी. की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। बेटी की इस असाधारण उपलब्धि पर पूरे गांव को गर्व है। उसके माता - पिता जो स्वयं शिक्षित न होते हुये भी ने अपनी बेटी की शिक्षा - दीक्षा में कोई कमी न रखी औंर हमेशा बेटी को जीवन में अच्छे संस्कार दिये। इस मुक़ाम तक पहुँचने के लिये उसे निरंतर प्रेरित किया। ग्रामीण आँचल, जहां मूल सुविधाओं के साथ- साथ कोचिंग और मार्गदर्शन का अभाव है। ऐसे माहौल में भी रहकर इस प्रकार की कठिन प्रतियोगिता में सफलता हासिल करना वास्तव में सराहनीय है।

## भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हुड्डा : अभय चौटाला

**रोहतक।** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मैं तो शुरू से ही कहता आ रहा हूं कि पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा हरियाणा में भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। अब यह साबित भी हो गया है कि पूर्व सीएम हुड्डा ने राज्यसभा में अपना प्रत्याशी उतारने से इनकार कर दिया है, यह सब भाजपा के इशारे पर हो रहा है। अभय सिंह चौटाला ने सह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस को भी खत्म करने के लिए हुड्डा ने प्लान बना रखा है, जिसके तहत एक एक वरिष्ठ नेता को पार्टी छोड़ने पर मजबूर कर रहे हैं। शुक्रवार को इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला रुपया चौक स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे थे।



## खिलाड़ियों को नशे के प्रति जागरूक किया

**रोहतक।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट ने राजीव गांधी खेल स्टेडियम में हरियाणा खेल विभाग की कबड्डी अकादमी के खिलाड़ियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। इसकी अध्यक्षता पुलिस उप अधीक्षक सतेंद्र कुमार व रोहतक यूनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर पवन ने की। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र दलाल व सिपाही राजीव ने लगभग 300 अग्नि वीर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे नशे से दूर रहे। कुछ व्यक्ति जो स्वयं नशा करते हैं वे भी नहीं चाहते कि उनके बच्चे नशा न करें। इंचार्ज इंस्पेक्टर पवन ने कहा कि इंस्पेक्टर पवन ने कहा कि आज एक और नशे के कारण सबसे अधिक पीड़ित नारी शक्ति है तो दूसरी और वहीं नारी शक्ति न केवल नशे के व्यापार में सहभागिता करती है स्वयं भी नशे के सेवन से पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि एक प्रकाशित लेख के अनुसार पंजाब के अंदर पकड़ें गए नशा तस्करों में 33 प्रतिशत महिलाएं संलिप्त थी। उन्होंने कहा विधि अनुसार भारत में कोई भी व्यक्ति अफीम, भांग, गांजा, चरस, हेरोइन नहीं रख सकता।

## आईटीआई में 25 तक करें आवेदन, 28 को पहली लिस्ट

**रोहतक।** आइटीआइ में आवेदन करने की तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब विद्यार्थी 25 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आखिरी तारीख 21 जून थी। वहीं पहली मेरिट लिस्ट 28 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच का कार्य 28 जून से 2 जुलाई तक किया जाएगा। दस्तावेजों की जांच होने के बाद विद्यार्थी फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करेंगे। बता दें कि पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर 28 जून से 3 जुलाई तक फीस जमा की जाएगी।

**दूसरी मेरिट लिस्ट 4 जुलाई को:** पहली मेरिट लिस्ट के बाद शेष सीटों पर दाखिले दूसरी मेरिट लिस्ट आने के बाद होंगे जो कि 4 जुलाई को जारी की जाएगी। 4 जुलाई से 6 जुलाई तक विद्यार्थी अपने कोर्स में बदलाव कर सकते हैं। विद्यार्थी ऐसा ऑपनिंग आफ पोर्टल फार रिविजन के जरिए कर सकते हैं। ऐसा करने के बाद 9 जुलाई को विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके आधार पर 9 से 12 जुलाई तक दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। सभी नियमों को पूरा करने के बाद विद्यार्थी 9 से 13 जुलाई तक फीस जमा करवाएंगे जिससे कि उनका दाखिला हो सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## परमजीत तहलान को जाट संस्था बचाओ समिति ने दिया समर्थन



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए समिति के अध्यक्ष एडवोकेट चंचल नांदल और गठवाला खाप के राष्ट्रीय महासचिव अशोक मलिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जाट शिक्षण संस्थान की गर्वनिंग बॉडी के लिए 23 जून को मतदान होगा। चुनाव में परमजीत तहलान गुट किस्मत आजमा रहा है। शुक्रवार को जाट शिक्षण संस्थान संघर्ष कमेटी ने परमजीत को समर्थन दिया। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए समिति के अध्यक्ष एडवोकेट चंचल नांदल और गठवाला खाप के राष्ट्रीय महासचिव अशोक मलिक ने कहा कि संघर्ष कमेटी आठ साल से निरंतर संस्था के हित में आवाज उठाकर परिवारवाद व महासचिव अशोक मलिक ने कहा कि रोहतक स्थित जाट शिक्षण संस्था उत्तरी भारत की सबसे बड़ी संस्था है चौ. छोटूराम, मास्टर बलदेव सिंह तथा देवीसिंह नांदल जैसे हमारे बुजुर्गों ने एक सामाजिक संस्थान का निर्माण किया था ताकि समाज के हर तबके को गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके। लेकिन कुछ राजनैतिक लोगों ने संस्था के विकास को ग्रहण लगा दिया वरना आज जाट शिक्षण संस्थान एक विश्वविद्यालय बन चुका होता। हुड्डा खाप के प्रवक्ता जगवंत सिंह, अखिल भारतीय देशवाल खाप के प्रधान संजय देशवाल, नांगलोई जाट सभा व देशवाल खाप के दयानंद देशवाल, राठी खाप के प्रवक्ता हंसराज राठी, सतगामा प्रधान प्रकाश बुधवार, जाटसभा महासचिव सुभाष कादयान, मोरखेडी से कृष्ण पहलवान, रणधीर सिवाच, महम चौबीसी दीपक राठी, कुंडू खाप से यशपाल कुंडू, मोखरा से सुरेश मलिक, महेन्द्र गुलिया, बलियाना से तारीफ देशवाल व अन्य मौजूद रहे।



नया शोरूम :- मानसरोवर पार्क के पास, दिल्ली रोड, रोहतक टेली : 1800 891 1250